# हिन्दी

## अध्याय-4: कहानी से




SHIVOM CLASSES 8696608541

## NCERT SOLUTIONS

# कहानी से प्रश्न (पृष्ठ संख्या 21)

**- प्रेमचंद**

प्रश्न 1 हेडमास्टर साहब ने बच्चों को सरकस में जाने से क्यों मना किया होगा?

उत्तर- हेडमास्टर साहब सरकस में होने वाले खेलों को जानते थे। सरकस वाले होने वाले करतबों को बढ़ा-चढ़ाकर विज्ञापन में दिखाते हैं। जंगली जानवरों के होने से बच्चों के लिए खतरा भी बना रहता है। इसलिए उन्होंने बच्चों को सरकस में जाने से मना किया होगा।

प्रश्न 2 सरकस के बारे में कौन-कौन सी अफ़वाहें फैली हुई थीं?

उत्तर- सरकस में शेर और बकरी एक बर्तन में पानी पिएँगे, हाथी पैरगाड़ी पर बैठेगा, तोता बंदूक छोड़ेगा और बनमानुष बाबू बनकर मेज पर बैठेगा। सरकस के बारे में ऐसी अफवाहें फैली हुई थीं।

प्रश्न 3 बलदेव सरकस में जाकर निराश क्यों हो गया?

उत्तर- बलदेव को लगा था कि शक्तिशाली जंगली जानवर तरह-तरह के करतब करेंगें परन्तु जब उसने सरकस में शेर, बाघ, भालू जैसे जानवरों को कमजोर हालत में देखा तो वह निराश हो गया।

प्रश्न 4 बलदेव और चीता दोनों ऊपर उठते जा रहे थे। फिर भी चीते ने बलदेव को कोई नुकसान क्यों नहीं पहुँचाया?

उत्तर- चीता अपने प्राण संकट में देख बहुत डरा हुआ था। वह अपने प्राण बचाने की सोच रहा था, उस समय वह अपना सारा चीतापन भूल गया था इसलिए उसने बलदेव को कोई नुकसान नहीं पहुँचाया।

प्रश्न 5 कहानी के इस वाक्य पर ध्यान दो -

"इतने में उसे एक बड़ा भारी गुब्बारा दिखाई दिया" तुम्हें क्या लगता है कि गुब्बारा भारी होता है? लेखक ने उसे भारी क्यों कहा है?



SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

SHIVOM CLASSES 8696608541

उत्तर- मेरे समझ से गुब्बारा भारी नहीं होता है। लेखक ने गुब्बारे की विशालता दिखाने के लिए उसे भारी कहा है। भारी कहकर लेखक गुब्बारे के बड़े आकार की ओर इशारा कर रहे हैं।

## सोचो और बताओ (पृष्ठ संख्या 21)

प्रश्न 1 गुब्बारे में से हवा निकलने पर वह नीचे क्यों आने लगता है?

उत्तर- गुब्बारे को ऊपर उड़ाने के लिए उसमें गरम हवा भरी जाती है। गरम हवा हल्की होती है। अत: गुब्बारा इसके कारण ऊपर उठने लगता है। जैसे-जैसे गुब्बारे में से हवा निकलने लगती है। गरम हवा का प्रभाव समाप्त होने लगता है। गुब्बारा भारी होने लगता है और गुरुत्वाकर्षण के कारण वह नीचे गिर जाता है।

प्रश्न 2 स्कूल में तुम्हें क्या-क्या करने के लिए अनुमति लेनी पड़ती है?

उत्तर-

1. स्कूल से बाहर जाने की अनुमति लेनी पड़ती है।
2. किसी मित्र को बुलाने की अनुमति लेनी पड़ती है।
3. बाहर से कुछ मंगवाने की अनुमति लेनी पड़ती है।
4. देर से आने की अनुमति लेनी पड़ती है।
5. अवकाश में जाने की अनुमति लेनी पड़ती है।
6. पानी पीने जाने के लिए अनुमति लेनी पड़ती है।

SHIVOM CLASSES 8696608541

प्रश्न 3 क्या तुमने अपने आस-पास के जानवरों की दुर्दशा देखी है? उसके बारे में बताओ।

उत्तर- मैंने चिड़ियाघर में जानवरों की दुर्दशा देखी है। उन्हें एक छोटे-से स्थान पर रखा जाता है। वहाँ उन्हें सही प्रकार का वातावरण नहीं मिलता है, जिसके कारण वे दुर्बल हो जाते हैं। पानी की सफ़ाई कई-कई दिनों तक नहीं होती जिसके कारण वे कई प्रकार की बीमारियों से भी ग्रस्त होते हैं।



SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

प्रश्न 4 सरकस में जानवरों के करतब दिखाए जाते हैं। उनके प्रति क्रूरता बरती जाती है। क्या ऐसे सरकस को मनोरंजन का साधन माना जा सकता है? सरकस को स्वस्थ मनोरंजन का साधन बनाने के लिए क्या किया जाना चाहिए?

उत्तर- जिस सरकस में जानवरों के प्रति क्रूरता बरती जाती है, वह मनोरंजन के साधन नहीं माना जा सकता है। उस पर लगाम लगाना आवश्यक है। जानवरों को भी मनुष्य के समान जीने का अधिकार प्राप्त होना चाहिए। जानवरों के साथ, अच्छा व्यवहार किया जाना चाहिए। सरकस में ऐसे करतबों को स्थान दें, जिनमें जानवरों का प्रयोग ही नहीं किया जाए। यदि जानवरों को दिखाना बहुत आवश्यक है, तो उनसे ऐसे करतब करवाएँ जाएँ जिनमें उन्हें शारीरिक कष्ट न के बराबर हो। ऐसा करके हम सरकस को स्वस्थ मनोरंजन का साधन बना सकते हैं।

## मुहावरे (पृष्ठ संख्या 22)

प्रश्न 1 नीचे लिखे वाक्य पढ़ो। उनमें इस्तेमाल हुए मुहावरों को अपने ढंग से इस्तेमाल करके कुछ और वाक्य बनाओ।

बलदेव के तो होश उड़े हुए थे।

उत्तर- पुलिस को देखते ही चोरों के होश उड़ गए।

प्रश्न 2 नीचे लिखे वाक्य पढ़ो। उनमें इस्तेमाल हुए मुहावरों को अपने ढंग से इस्तेमाल करके कुछ और वाक्य बनाओ।

बलदेव के दिल में जो बात बैठ जाती; उसे पूरा करके ही छोड़ता।

उत्तर- दिमाग में जो बात बैठ जाती है, वो जल्दी नहीं हटती।

प्रश्न 3 नीचे लिखे वाक्य पढ़ो। उनमें इस्तेमाल हुए मुहावरों को अपने ढंग से इस्तेमाल करके कुछ और वाक्य बनाओ।

वह इतना डरा हुआ कि उसके उसके हाथ-पाँव फूल गए।

उत्तर- जंगल में शेर की दहाड़ सुनकर मोहन के हाथ-पाँव फूल गए।



SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

SHIVOM CLASSES 8696608541

प्रश्न 4 नीचे लिखे वाक्य पढ़ो। उनमें इस्तेमाल हुए मुहावरों को अपने ढंग से इस्तेमाल करके कुछ और वाक्य बनाओ।

ऐसा लगा जैसे कि किसी ने चीता का खून चूस लिया हो।

उत्तर- मालिक ने नौकर से काम करवा-करवाकर खून चूस लिया है।

प्रश्न 5 नीचे लिखे वाक्य पढ़ो। उनमें इस्तेमाल हुए मुहावरों को अपने ढंग से इस्तेमाल करके कुछ और वाक्य बनाओ।

बलदेव का दिल काँप उठा।

उत्तर- महेश को अस्पताल में देख उसके पिताजी का दिल काँप उठा।

## तुम्हारी बात (पृष्ठ संख्या 22)

प्रश्न 1 तुम्हारे स्कूल से भागने के कौन-कौन से बुरे परिणाम हो सकते हैं?

उत्तर-

1. स्कूल से निकाला जा सकता है।
2. अध्यापकों की नज़रों में गिर सकते हैं।
3. पढ़ाई से मन हट सकता है।
4. माता-पिता के क्रोध का सामना करना पड़ सकता है।
5. इसके लिए कठिन सज़ा भी मिल सकती है।
6. बुरे लोगों के हाथ लग सकते हैं।
7. बुरे लोगों द्वारा अपंग बनाया जा सकता है।
8. किसी के द्वारा मारा भी जा सकता है।

प्रश्न 2 किसी चीज़ के प्रचार के लिए विज्ञापन का इस्तेमाल क्यों किया जाता है?

SHIVOM CLASSES 8696608541



SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

उत्तर- विज्ञापन आज प्रचार का सबसे प्रभावशाली, माध्यम है। विज्ञापन के माध्यम से लोगों को उत्पाद के विषय में जानकारी दी जाती है। इसके माध्यम से लोगों से सीधा संपर्क स्थापित किया जाता है।

प्रश्न 3 तुम भी सड़क सुरक्षा, प्रदूषण और शिक्षा के बारे में विज्ञापन बनाकर अपने मित्र को दिखाओ तथा पूछो कि उसे तुम्हारा विज्ञापन पसंद आया या नहीं। कारण भी पूछो।

उत्तर- इस प्रश्न का उत्तर विद्यार्थी स्वयं करें।

SHIVOM CLASSES 8696608541



SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)